**Series RSH/1**

कोड नं.
Code No. **32/1/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **14+ 1** मानचित्र हैं।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है। प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा। 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे।
- Please check that this question paper contains **14** printed pages + **1** Map.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-script during this period.

# संकलित परीक्षा-II
# SUMMATIVE ASSESSMENT-II
# सामाजिक विज्ञान
# SOCIAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे ]* *[ अधिकतम अंक : 90*
*Time allowed : 3 hours ]* *[ Maximum marks : 90*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल 30 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न अनिवार्य है।*

*(ii)* *प्रश्न क्रमांक 1 से 9 तक बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है।*

(iii) *प्रश्न क्रमांक 10 से 21 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 80 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(iv) *प्रश्न क्रमांक 22 से 29 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। इनमें से प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 120 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।*

(v) *प्रश्न क्रमांक 30 मानचित्र सम्बन्धी प्रश्न 5 अंक का है। (2 अंक इतिहास तथा 3 अंक भूगोल)। मानचित्र को भरने के बाद इसको अपनी उत्तर पुस्तिका के अन्दर बांध दीजिए।*

**General Instructions :**

(i) *The question paper has 30 questions in all. All questions are compulsory.*

(ii) *Questions from serial number 1 to 9 are Multiple Choice Questions. Each question carries 1 mark.*

(iii) *Questions from serial number 10 to 21 are 3 marks questions. Answer of these questions should not exceed 80 words each.*

(iv) *Questions from serial number 22 to 29 are 5 marks questions. Answer of these questions should not exceed 120 words each.*

(v) *Question number 30 is a map question of 5 marks (2 marks from History and 3 marks from Geography). After filling up, attach the map inside your answer book.*

1. निम्नलिखित में से एक फ्रान्सीसी कलाकार की पहचान कीजिए, जिसने चार चित्रों की एक शृंखला बनाई, जिसमें उसने सपनों का एक संसार रचा।

   (A) कितागावा उतामारो

   (B) रिचर्ड एम. हो

   (C) वॉल्टेयर

   (D) फ्रेड्रिक सॉरयू 1

अथवा

निम्नलिखित में से फ्रान्सीसी दल का कौनसा एक सदस्य था, जिसने मेकोंग नदी की खोज की?

   (A) पाल बर्नार्ड

   (B) लियांग किचाओ

   (C) हुइन्ह फू सो

   (D) गार्नियर

Identify the French artist who prepared a series of four prints visualising his dream of a world from the following :

(A) Kitagewa Utamaro

(B) Richard M. Hoe

(C) Voltaire

(D) Frederic Sorreeu

**OR**

Who, among the following was a member of the French team, who explored Mekong river ?

(A) Paul Burnard

(B) Liang Qichao

(C) Nuynh Phu So

(D) Garnier

2. असहयोग आंदोलन निम्नलिखित में से किस तारीख़ को शुरू हुआ?

(A) जनवरी 1921

(B) नवम्बर 1921

(C) दिसम्बर 1921

(D) मई 1921 1

The Non-Co-operation Movement began on which one of the following dates?

(A) January 1921

(B) November 1921

(C) December 1921

(D) May 1921

3. निम्नलिखित में से कौन सा सबसे बड़ा पत्तन है, जिसका प्राकृतिक खुला और सुचारु रक्षित पोताश्रय है?

(A) कोलकाता

(B) चेन्नई

(C) मुम्बई

(D) विशाखापत्तनम

Which one of the following ports is the biggest with a spacious natural and well sheltered harbour ?

(A) Kolkata

(B) Chennai

(C) Mumbai

(D) Vishakhapatnam

4. नेपाल में अप्रैल 2006 को आंदोलन शुरू करने का निम्नलिखित में से कौन सा एक प्रमुख उद्देश्य था?

(A) सरकार पर नियंत्रण करना

(B) राजा से सत्ता छीनना

(C) लोकतंत्र को पुनः बहाल करना

(D) राजा को गद्दी से उखाड़-फैंकना

Which one of the following was the main aim to start movement on April 2006, in Nepal ?

(A) To control over government

(B) To snatch power from the king

(C) To restore democracy

(D) To dethrone the king

5. निम्नलिखित में से किस देश में एक दलीय शासन व्यवस्था है?

(A) चीन

(B) इण्डो-चाइना

(C) जापान

(D) जर्मनी 1

Which one of the following countries has one party system ?

(A) China

(B) Indo-China

(C) Japan

(D) Germany

6. अधिकतर लोकतांत्रिक देशों में निम्नलिखित में से कौन सी सामान्य विशेषता है?

(A) इनका औपचारिक संविधान होता है।

(B) इनके यहाँ नियमित चुनाव होते हैं।

(C) इनके यहाँ राजनीतिक दल होते हैं।

(D) उपरोक्त सभी 1

Which one of the following features is common to most of the democracies?

(A) They have formal constitution

(B) They hold regular election

(C) They have political parties

(D) All the above

7. भारत में ग्रामीण परिवारों के लिए निम्नलिखित में से कौन सा ऋण का मुख्य अनौपचारिक स्रोत है?

(A) मित्र

(B) सम्बन्धी

(C) भू-स्वामी

(D) साहूकार 1

Which of the following is the main informal source of credit for rural households in India?

(A) Friends

(B) Relatives

(C) Landlords

(D) Money lenders

8. विदेशी व्यापार के लिए निम्नलिखित में से कौन सा 'अवरोधक' है?

(A) आयात पर कर

(B) गुणवत्ता पर नियंत्रण

(C) बिक्री कर

(D) स्थानीय व्यापार पर कर 1

Which of the following is a 'barrier' on foreign trade?

(A) Tax on import

(B) Quality control

(C) Sales tax

(D) Tax on local trade

9. निम्नलिखित मदों में से किस पर आई.एस.आई. चिह्न देखा जा सकता है? 1

(A) आभूषण

(B) खाद्य तेल

(C) बिजली के सामान

(D) खाद्यान्न

I.S.I. mark can be seen on which of the following items ?

(A) Jewellery

(B) Edible oil

(C) Electrical appliances

(D) Cereals

10. इटली के एकीकरण की प्रक्रिया की व्याख्या कीजिए। 3

**अथवा**

मेकोंग डेल्टा में कृषि के विकास के लिए फ्रान्सीसियों द्वारा उठाए गए किन्हीं तीन कदमों की व्याख्या कीजिए।

Explain the process of unification of Italy.

**OR**

Explain any three steps taken by the French to develop cultivation in the Mekong Delta.

11. भारत में प्रथम विश्व युद्ध ने किस प्रकार एक नई आर्थिक परिस्थिति पैदा की? तीन उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 3×1=3

How had the First World War created a new economic situation in India ? Explain with three examples.

12. भारत में लोगों द्वारा 'रॉलट एक्ट' का किस प्रकार विरोध किया गया? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिये। 3×1=3

How was Rowlatt Act opposed by the people in India ? Explain with examples.

13. धात्विक और अधात्विक खनिजों में उदाहरणों सहित अन्तर स्पष्ट कीजिए। 3

Differentiate between metallic and non-metallic minerals with examples.

14. भारत में मैंगनीज का सबसे बड़ा उत्पादक राज्य कौन सा है? मैंगनीज के किन्हीं चार उपयोगों का उल्लेख कीजिए। 1+2=3

Which state is the largest producer of manganese in India ? Mention any four uses of manganese.

15. ''कृषि और उद्योग एक-दूसरे के पूरक हैं।'' इस कथन का तीन उदाहरणों सहित विश्लेषण कीजिए। 3×1=3

"Agriculture and industry move hand in hand." Analyse the statement with three examples.

16. उस राष्ट्रीय राजनीतिक दल का नाम बताइए, जो भारत की प्राचीन संस्कृति और मूल्यों से प्रेरणा लेता है। उस दल की किन्हीं चार विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 1+2=3

Name the national political party which gets inspiration from India's ancient culture and values. Mention four features of that party.

17. बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अपने उत्पाद की उत्पादन लागत कम बनाए रखने में किस प्रकार प्रबन्धन करती हैं? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 3×1=3

How do Multi-National Companies manage to keep the cost of production of their goods low ? Explain with examples.

18. "विधिक-संवैधानिक बदलावों को लाने मात्र से ही लोकतंत्र की चुनौतियों का हल नहीं किया जा सकता।" उदाहरण सहित इस कथन की न्यायसंगत पुष्टि कीजिए। 3

"Legal-constitutional changes by themselves cannot overcome challanges to democracy". Justify the statement with an example.

19. मुद्रा का उपयोग विनिमय के रूप में किस प्रकार किया जाता है? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 3×1=3

How is money used as a medium of exchange ? Explain with examples.

20. एक आदर्श सरकार न केवल अपने को भ्रष्टाचार से अलग रखेगी, अपितु भ्रष्टाचार और कालेधन से प्राथमिकता के आधार पर लड़ती भी दिखाई पड़ेगी।" इस कथन से जुड़े मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए न्यायसंगत पुष्टि कीजिए। 3

"An ideal government would not only keep itself away from corruption but also make fighting corruption and black money a top priority". Justify the statement by highlighting the values attached to it.

21. हम बाजार में उत्पादक और उपभोक्ता के रूप में किस प्रकार भागीदारी करते हैं? तीन उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 3×1=3

How do we participate in the market as producers and consumers ? Explain with three examples.

22. यूरोप में 'राष्ट्र' के विचार के निर्माण में संस्कृति ने किस प्रकार महत्वपूर्ण भूमिका निभाई? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 5×1=5

अथवा

वियतनामी राष्ट्रवादी, लोकतांत्रिक गणराज्य की स्थापना के लिए, जापान और चीन से किस प्रकार प्रभावित थे? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

How did culture play an important role in creating the idea of the 'nation' in Europe? Explain with examples.

OR

How were Vietnamese nationalists inspired by Japan and China to set up a democratic republic ? Explain with examples.

23. ''सविनय अवज्ञा आंदोलन में दलितों की भागीदारी बहुत सीमित थी।'' इस कथन की जाँच कीजिए। 5

"Dalit participation was limited in the Civil Disobedience Movement". Examine the statement.

24. भारत में औद्योगिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के किन्हीं पाँच उपायों की व्याख्या कीजिए। 5×1=5

Explain any five measures to control industrial pollution in India.

25. भारत में सड़क परिवहन के सम्मुख उपस्थित किन्हीं पाँच प्रमुख समस्याओं का वर्णन कीजिए। 5×1=5

Describe any five major problems faced by road transport in India.

26. नेपाल के लोगों का संघर्ष पूरे विश्व के लोकतंत्र-प्रेमियों के लिए किस प्रकार प्रेरणा का स्रोत बना? स्पष्ट कीजिए। 5

How did the struggle of the Nepali people become a source of inspiration to democrats all over the world ? Explain.

27. ''सैद्धांतिक रूप में तो लोकतंत्र को अच्छा माना जाता है, पर व्यवहार में इसे इतना अच्छा नहीं माना जाता।'' इस कथन की न्यायसंगत विवेचना कीजिए। 5

"Democracy is seen to be good in principle but felt to be not so good in practice." Justify the statement.

28. हाल के वर्षों में हमारे बाजार किस प्रकार पूरी तरह परिवर्तित हो गये हैं? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 5×1=5

How have our markets been transformed in recent years ? Explain with examples.

29. बाजार में उपभोक्ताओं के संरक्षण के लिए नियम और विनियम क्यों आवश्यक हैं? उदाहरणों सहित स्पष्ट कीजिए। 5×1=5

Why are rules and regulations required for the protection of the consumers, in the market place ? Explain with examples.

30.1. दो लक्षण A और B भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में दिए गए हैं। इन लक्षणों को निम्नलिखित जानकारी की मदद से पहचानिए और उनके सही नाम मानचित्र पर अंकित रेखाओं पर लिखिए : 2×1=2

A वह स्थान, जहाँ भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन दिसम्बर 1920 में हुआ था।

B वह स्थान, जहाँ 'नील की खेती करने वाले किसानों का आंदोलन' प्रारम्भ हुआ था।

30.2. इसी दिए गए भारत के राजनीतिक रेखा-मानचित्र में निम्नलिखित लक्षणों को उपयुक्त चिह्नों से दिखाइए और उनके नाम लिखिए : 3×1=3

(i) कलपक्कम-आणविक ऊर्जा संयंत्र

(ii) भद्रावती - लोहा और इस्पात संयंत्र

(iii) कोच्चि - प्रमुख समुद्री पत्तन

30.1. Two features A and B, are marked in the political outline map of India. Identify these features with the help of the following information and write their correct names on the lines marked in the map :

A The place, where the Indian National Congress Session was held in December 1920.

B The place, where the 'Movement of Indigo Planters' was started.

**30.2.** On the same given political outline map of India, locate and label the following features with appropriate symbols :

(i) Kalpakkam - Nuclear power plant

(ii) Bhadrawati - Iron and steel plant

(iii) Kochchi - Major sea port

**नोट :** निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिहीन परीक्षार्थियों** के लिए प्रश्न संख्या 30 के स्थान पर हैं : 5×1=5

**30.1** उस स्थान का नाम बताइए, जहाँ दिसम्बर 1920 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का अधिवेशन हुआ था।

**30.2** वह कौन सा स्थान है, जहाँ 'नील की खेती करने वाले किसानों का आंदोलन' प्रारम्भ हुआ था?

**30.3** उत्तर प्रदेश में स्थित आणविक ऊर्जा संयंत्र का नाम बताइए।

**30.4** छत्तीसगढ़ में स्थित लोहा-इस्पात संयंत्र का नाम बताइए।

**30.5** भारत का सबसे दक्षिणी प्रमुख समुद्री पत्तन कौन सा है?

**Note :** The following questions are for the BLIND CANDIDATES only, in lieu of question number 30.

**30.1** Name the place, where Indian National Congress Session was held in December 1920.

**30.2** Which is the place, where 'Indigo Planters Movement' started ?

**30.3** Name the nuclear plant located in Uttar Pradesh.

**30.4** Name the iron and steel plant located in Chhattisgarh.

**30.5** Which is the major sea port of southern most part of India ?

**MAP For Q. No. 30.1, 30.2**

